रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **कार्बन के निम्नलिखित गुणधर्मों में से कौन-सा गुणधर्म, बड़ी संख्या में यौगिकों के निर्माण में सहायक होता है?**

Ans A). दहनशीलता और तन्यता B). आघातवर्ध्यता और श्रव्यता C). गैर-नम्यता D). शृंखलन और चतुः संयोजकता

Correct Answer: D

**Q.2** **पादप के अधिकांश सहायक ऊतक मृत कोशिकाओं से क्यों बने होते हैं, जबकि पशुओं के सहायक ऊतक सजीव कोशिकाओं से बने होते हैं?**

Ans A). पादप को सजीव कोशिकाओं की आवश्यकता बिल्कुल नहीं होती है B). प्रतिरक्षा अभिक्रियाओं से बचने के लिए पशु ऊतक मृत अवस्था में होते हैं

C). पादपों में मृत कोशिकाएं ऊर्जा की आवश्यकता के बिना संरचनात्मक सामर्थ्य प्रदान करती हैं

D). क्योंकि मृत कोशिकाएं पशुओं की तुलना में पादपों में तेजी से विभाजित होती हैं

Correct Answer: C

**Q.3** **एक विद्यार्थी उत्तल लेंस के वक्रता केंद्र से परे एक मोमबत्ती रखता है। लेंस के दूसरी ओर किस प्रकार का प्रतिबिंब बनने की सर्वाधिक संभावना है?**

Ans A). बिंब के समान आकार, वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब B). बिंब से छोटा, वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब C). बिंब से बढ़ा, आभासी और सीधा प्रतिबिंब

D). बिंब से छोटा, आभासी और उल्टा प्रतिबिंब

Correct Answer: B

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा सामान्यतः घ्राण सूचक (olfactory indicator) के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

Ans A). लिटमस B). फीनॉलफ्थेलिन C). वेनिला एसेंस D). मेथिल ऑरेंज

Correct Answer: C

**Q.5** **विद्युत बल्बों में फिलामेंट पदार्थ के रूप में टंगस्टन का उपयोग क्यों किया जाता है?**

Ans A). यह फिलामेंट विनिर्माण के लिए उपलब्ध सबसे सस्ती धातु है। B). क्योंकि यह निम्न तापमानों पर अन्य धातुओं की तुलना में अधिक ऊष्मा उत्पन्न करता है।

C). क्योंकि इसका गलनांक उच्च होता है और यह बिना पिघले उच्च तापमानों को सहन कर सकता है।

D). क्योंकि यह नाइट्रोजन और आर्गन के साथ अभिक्रिया करके उज्ज्वल प्रकाश उत्पन्न करता है।

Correct Answer: C

**Q.6** **एक रोलर कोस्टर कार किसी ट्रैक के अनुदिश यात्रा करने के लिए केवल गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा पर निर्भर है। कौन-सा अभियांत्रिकी संशोधन कार की इसके निम्नतम बिंदु पर अधिकतम चाल को सर्वाधिक प्रभावी रूप से अधिकतम करेगा?**

Ans A). लोडित कार के संरचनात्मक द्रव्यमान को कम करना B). समान ऊँचाई का एक द्वितीयक शीर्ष बनाना

C). अंतर्निहित ट्रैक को अधिक चौड़ी पटरियों से प्रतिस्थापित करना D). प्रथम शीर्ष (hill) की प्रारंभिक ऊँचाई में वृद्धि करना

Correct Answer: D

**Q.7** **एक रोगी ऐसे सुकेंद्रकी जीव के दीर्घकालिक संक्रमण से ग्रसित है जो बीजाणुओं के माध्यम से प्रजनन करता है और जिसमें काइटिन कोशिका भित्ति होती है। किस प्रकार का जीव इस संक्रमण का सर्वाधिक संभावित कारण हो सकता है?**

Ans A). कवक B). प्रोटोजोआ C). जीवाणु D). शैवाल

Correct Answer: A

**Q.8** **किसी धात्विक परिपथ में विद्युत धारा की पारंपरिक दिशा क्या है?**

Ans A). इलेक्ट्रॉन संचलन की दिशा में B). किन्हीं भी दो बिंदुओं के बीच यादृच्छिक रूप से C). धनात्मक टर्मिनल से ऋणात्मक टर्मिनल की ओर D). ऋणात्मक टर्मिनल से धनात्मक टर्मिनल की ओर

Correct Answer: C

**Q.9** **एक विद्यार्थी देखता है कि आपतित किरण, अपवर्तित किरण और आपतन बिंदु पर अभिलंब सभी एक ही तल में अवस्थित हैं। यह कौन-से अपवर्तन के नियम की व्याख्या करता है?**

Ans A). अपवर्तन का द्वितीय नियम B). विक्षेपण का नियम C). अपवर्तन का प्रथम नियम D). अध्यारोपण का नियम

Correct Answer: C

**Q.10** **अधिकांश अपघटन अभिक्रियाओं को सफलतापूर्वक शुरू करने के लिए कौन-सा ऊर्जा स्रोत आवश्यक है?**

Ans A). केवल उत्प्रेरक की उपस्थिति B). यांत्रिक विलोडन बल C). केवल वायुमंडलीय दाब D). ऊष्मा, प्रकाश या विद्युत ऊर्जा

Correct Answer: D

**Q.11** **एक विद्यार्थी किसी अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र और मुख्य फोकस के बीच एक छोटी मोमबत्ती रखता है। किरण आरेख नियमों के अनुसार, दर्पण द्वारा किस प्रकार के प्रतिबिंब का निर्माण होगा?**

Ans A). दर्पण के पीछे आभासी, सीधा और बड़ा प्रतिबिंब उत्पन्न होता है B). ध्रुव और फोकस के बीच आभासी, सीधा और छोटा प्रतिबिंब उत्पन्न होता है C). वक्रता केंद्र के परे वास्तविक, उल्टा और बड़ा प्रतिबिंब उत्पन्न होता है D). वक्रता केंद्र पर वास्तविक, उल्टा और समान आकार का प्रतिबिंब उत्पन्न होता है

Correct Answer: C

**Q.12** **धातुओं के परिष्करण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). परिष्करण का उपयोग निष्कर्षित धातु से अपद्रव्यों को हटाने के लिए किया जाता है। B). परिष्करण में अयस्क को ऑक्साइड रूप में परिवर्तित किया जाता है। C). परिष्करण का उपयोग केवल अति अभिक्रियाशील धातुओं के लिए किया जाता है। D). परिष्करण अयस्क से धातु निकालने की प्रक्रिया है।

Correct Answer: A

**Q.13** **किसी सरल मशीन में, _______ वह प्रतिरोध बल होता है, जिससे किसी वस्तु को उठाया या खिसकाया जाता है।**

Ans A). भार B). आयास C). ऊर्जा D). शक्ति

Correct Answer: A

**Q.14** **2000 kg द्रव्यमान की एक कार 4 $m/s^2$ की दर से त्वरित होती है। न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार, कार पर आरोपित बल का परिमाण ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 8000 N B). 2500 N C). 500 N D). 1000 N

Correct Answer: A

**Q.15** **एक रोगी को आंत्र से अवशोषित की गयी वसा के परिवहन में कठिनाई हो रही है। किस तरल के कार्य में बाधा आने से यह समस्या हो सकती है?**

Ans A). प्लाज्मा (Plasma) B). लसीका (Lymph) C). रुधिर कोशिकाएं (Blood cells) D). प्लेटलेट्स (Platelets)

Correct Answer: B

**Q.16** **कौन-सा कथन, किसी उपधातु की उसके गुणों के आधार पर सटीक व्याख्या करता है?**

Ans A). यह सभी परिस्थितियों में धातुओं के समान गुण प्रदर्शित करता है। B). यह धातुओं और अधातुओं के बीच के मध्यवर्ती गुण प्रदर्शित करता है। C). यह सभी परिस्थितियों में अधातुओं के समान गुण प्रदर्शित करता है। D). यह ऐसे गुण प्रदर्शित करता है जिनका धातुओं और अधातुओं से कोई संबंध नहीं है।

Correct Answer: B

**Q.17** **अम्लीकृत पोटेशियम डाइक्रोमेट का उपयोग करके एथेनॉल ($CH_3CH_2OH$) को एसीटिक अम्ल ($CH_3COOH$) में रूपांतरित करने पर विचार करें:**
**कथन I: यह ऑक्सीकरण अभिक्रिया का एक उदाहरण है।**
**कथन II: अम्लीकृत पोटेशियम डाइक्रोमेट एक ऑक्सीकरण कर्मक है।**
**कथन III: अम्लीकृत पोटेशियम डाइक्रोमेट एक अपचायक है।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?**

Ans A). केवल I सत्य है B). I और III सत्य हैं C). I और II सत्य हैं D). II और III सत्य हैं

Correct Answer: C

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

कथन I: प्रतीक 'Ag', गोल्ड को निरूपित करता है।
कथन II: प्रतीक 'Pb', लेड को निरूपित करता है।

Ans A). कथन I सही है, कथन II गलत है B). कथन I गलत है, कथन II सही है C). दोनों कथन सही हैं D). दोनों कथन गलत हैं

Correct Answer: B

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सा जैवनिम्नीकरणीय नहीं है?

Ans A). ऊन B). प्लास्टिक C). कागज D). चमड़ा

Correct Answer: B

**Q.20** समवृत्ति (analogy) को पूर्ण कीजिए।

परागण : परागकण स्थानांतरण :: निषेचन: _______________।

Ans A). फलों का पकना B). जल का अवशोषण C). तने की वृद्धि D). युग्मकों का संलयन

Correct Answer: D

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, सरल रेखा के अनुदिश एकसमान गति से गतिमान वस्तु का वर्णन करता है?

Ans A). एक दिशा में नियत चाल से गतिमान कोई वस्तु B). अंतरालों पर दिशा बदलने वाली कोई वस्तु C). आगे बढ़ते हुए त्वरित होती हुई कोई वस्तु D). किसी वस्तु का बार-बार रुकना और फिर चलना

Correct Answer: A

**Q.22** यदि किसी धातु और अधातु को मिलाकर एक यौगिक बनाया जाता है, तो उसमें किस प्रकार की आवेशित स्पीशीज के मौजूद होने की सबसे अधिक संभावना होती है, और उन्हें किस प्रकार से वर्गीकृत किया जाता है?

Ans A). आयन; जिन्हें धनायन और ऋणायन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है B). तत्व; जिन्हें धातु और अधातु के रूप में वर्गीकृत किया जाता है C). परमाणु; जिन्हें प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है D). अणु; जिन्हें अम्ल और क्षार के रूप में वर्गीकृत किया जाता है

Correct Answer: A

**Q.23** जैवअनिम्नीय पदार्थ पर्यावरण के लिए हानिकारक क्यों होते हैं?

Ans A). क्योंकि ये वायु में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाते हैं B). क्योंकि ये तीव्रता से अपघटित हो जाते हैं C). क्योंकि ये लंबे समय तक बने रहते हैं और जीवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं D). क्योंकि ये मृदा को समृद्ध करते हैं

Correct Answer: C

**Q.24** ऊँचे वृक्षों में वह मुख्य बल क्या है जो जाइलम के माध्यम से जल को ऊपर की ओर खींचता है?

Ans A). मूल दाब B). केशिका क्रिया C). विसरण D). वाष्पोत्सर्जन खिंचाव

Correct Answer: D

**Q.25** गंभीर अभिघात (severe trauma) के बाद, पक्षी को देह आलंब (body support) और संचलन में कठिनाई होने लगती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कशेरुकी तंत्र मुख्यतः प्रभावित होता है?

Ans A). साधारण पाचन कोश (Simple digestive sac) B). बाह्य क्लोम चाप (gill arche) C). मूलभूत पेशी पट्टियां (Basic muscle bands) D). आंतरिक कंकाल पंजर (Internal skeletal framework)

Correct Answer: D

**Q.26** 5, 6, 7, 8, 9, ……, 66, 67, 68, 69, 70, 71 का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 38 B). 32 C). 34 D). 36

Correct Answer: A

**Q.27** एक चतुर्भुजाकार प्लॉट समलंब के आकार का है। इसकी दो समांतर भुजाओं की लंबाई $26\sqrt{3}$ m और $24\sqrt{3}$ m है तथा उनके बीच की लंबवत दूरी 20 m है। इस प्लॉट को ₹300/$m^2$ की दर से बेचा जाना है। इस प्लॉट का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3} = 1.732$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). ₹2,56,788 B). ₹2,54,960 C). ₹2,57,575 D). ₹2,59,800

Correct Answer: D

**Q.28** जब संख्या $1.\overline{074}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में लिखा जाता है, तब वह __________ के बराबर होती है।

Ans A). $\frac{29}{27}$ B). $\frac{274}{999}$ C). $\frac{174}{999}$ D). $\frac{37}{27}$

Correct Answer: A

**Q.29** तीन संख्याएं 4:5:6 के अनुपात में हैं। यदि सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या का योगफल तीसरी संख्या से 165 अधिक है, तो सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 192 B). 196 C). 194 D). 198


Correct Answer: D

Q.30 एक ठोस शंकु के आधार की परिधि $16\pi$ cm और शंकु की ऊँचाई 15 cm है। इस ठोस को ₹14 प्रति $cm^2$ की दर से रंगने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). ₹8,822 B). ₹8,921 C). ₹8,800 D). ₹8,910

Correct Answer: C

Q.31 एक कंपनी में विभिन्न विभागों में 1200 कर्मचारी कार्यरत हैं। नीचे दिये गये पाई चार्ट में विभिन्न विभागों में कर्मचारियों के प्रतिशत वितरण को दर्शाया गया है।




यदि बिक्री विभाग के 15% कर्मचारियों को IT विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो बिक्री विभाग में कितने कर्मचारी शेष रहेंगे और कंपनी में IT कर्मचारियों का नया प्रतिशत कितना होगा?

Ans A). 216, और 32% B). 204, और 32% C). 216, और 33% D). 204, और 33%

Correct Answer: D

Q.32 गोपाल के पास ₹1,681 थे। उन्होंने यह राशि अपने पुत्रों अक्षय और अर्जुन के बीच विभाजित किया और उन्हें अपने हिस्सों को 5% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह पाया गया कि अक्षय और अर्जुन को क्रमशः 15 वर्ष और 16 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। गोपाल ने अक्षय को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans A). 861 B). 711 C). 920 D). 820

Correct Answer: A

Q.33 यदि $\sin\theta + \cos\theta = \sqrt{2}$ है, तो $\sin\theta\cos\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{1}{2}$ B). $1$ C). $\frac{1}{\sqrt{2}}$ D). $0$

Correct Answer: A

Q.34 यदि a + b = 9 और ab = 13 है, तो $(a^2 + b^2)(a^3 + b^3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20,390 B). 20,790 C). 20,190 D). 20,590

Correct Answer: B

Q.35 अवरोही क्रम में लिखे गए दस अवलोकन 45, 34, 32, 30, 2x – 15, x + 3, 17, 15, 14 और 8 हैं। यदि माध्यिका 24 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 24 B). 21 C). 20 D). 25

Correct Answer: C

Q.36 यदि किसी पेन की कीमत ₹24 से घटकर ₹18 हो जाती है, तो प्रतिशत कमी कितनी होगी?

Ans A). 35% B). 15% C). 25% D). 5%

Correct Answer: C

Q.37 किसी दिए गए डेटा के लिए, यदि माध्य 45.76 है और बहुलक 29.44 है, तो मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans A). 43.78 B). 42.45 C). 41.34 D). 40.32

Correct Answer: D

Q.38 पाइप A एक टंकी को 3 घंटे में पूर्णतः भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 42 घंटे में पूर्णतः भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 7 घंटे में पूर्णतः भर सकता है। उन सभी को एक साथ चलाने पर उसी टंकी का आधा भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

Correct Answer: B

Q.39 दो ट्रेनें समानांतर पटरियों पर एक ही दिशा में चल रही हैं। पहली ट्रेन, जिसकी लंबाई 150 m है, 54 km/hr की चाल से चल रही है, जबकि दूसरी ट्रेन, जिसकी लंबाई 120 m है, 36 km/hr की चाल से चल रही है। पीछे से आ रही पहली ट्रेन को दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 45 s B). 40 s C). 54 s D). 36 s **Correct Answer: C**

Q.40 कौशल ने 80 km/h की चाल से 1 घंटा 21 मिनट तक यात्रा की। 12 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans** A). 8 B). 9 C). 12 D). 7 **Correct Answer: B**

Q.41 यदि $a:b:c:d = \sqrt{4}:\sqrt{3}:\sqrt{2}:1$ है, तो $\left(\frac{-a^2+b^2+c^2+d^2}{a^2-b^2+c^2-d^2}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $-1$ B). $-2$ C). $2$ D). $1$ **Correct Answer: D**

Q.42 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानें I, II, III और IV पर समान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 59% और 97% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 67% और 14% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 13% और 18% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 80%, 46%, और 90% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

**Ans** A). III B). II C). IV D). I **Correct Answer: C**

Q.43 रिया ने 6% वार्षिक दर पर एक बैंक में ₹5,000 जमा किए। 3 वर्ष बाद अर्जित साधारण ब्याज कितना होगा?

**Ans** A). ₹750 B). ₹1000 C). ₹600 D). ₹900 **Correct Answer: D**

Q.44 7 अंकों की संख्या 92A224B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान क्या है?

**Ans** A). 6 B). 2 C). 1 D). 3 **Correct Answer: B**

Q.45 यदि cos A − sin A = √2 sin A है, तो (cos A − sin A)/(cos A + sin A) का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). cosA B). cotA C). tanA D). sinA **Correct Answer: C**

Q.46 संख्या 455A1280 को 30 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 3 D). 5 **Correct Answer: B**

Q.47 कोई धनराशि 12% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹9,016 हो जाती है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹7,163.50 B). ₹7,175.50 C). ₹7,189.50 D). ₹7,187.50 **Correct Answer: D**

Q.48 एक समद्विबाहु त्रिभुज UVW में, UV = UW = 25 cm और VW = 14 cm है, तो त्रिभुज UVW का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 192 $cm^2$ B). 168 $cm^2$ C). 154 $cm^2$ D). 180 $cm^2$ **Correct Answer: B**

Q.49 एक मोबाइल फोन की कीमत ₹20,000 से बढ़कर ₹24,000 हो गई। कीमत में वृद्धि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15% B). 25% C). 18% D). 20% **Correct Answer: D**

Q.50 एक ब्यूटीशियन ₹9,500 मूल्य की ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदती है, लेकिन बाद में उन्हें ₹7,885 में बेच देती है। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 17% B). 11% C). 13% D). 19% **Correct Answer: A**

Q.51 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

16 – 22 – 48 – 38; 9 – 15 – 34 – 24

Ans A). 14 – 20 – 44 – 34 B). 6 – 12 – 20 – 10 C). 18 – 24 – 52 – 62 D). 8 – 14 – 24 – 14

Correct Answer: A

Q.52 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) TSO MUD FAN KID (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: A

Q.53 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) ? 4 ^ / 6 < 2 7 % $ 4 $ 6 9 # 3 9 @ 4 < > (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans A). 3 B). 2 C). 4 D). 1

Correct Answer: B

Q.54 सात बॉक्स B, F, G, H, R, T और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। Y के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। Y और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। H के ऊपर केवल B को रखा गया है। F को T के नीचे किसी एक स्थान पर और R के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। F के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). 3 B). 2 C). 1 D). 4

Correct Answer: B

Q.55 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S + E – W ÷ T × N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी के पिता की माता B). पत्नी की माता C). पत्नी के पिता की बहन D). पत्नी की बहन

Correct Answer: C

Q.56 शब्द BOUNCED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से पाँचवें स्थान पर होगा?

Ans A). A B). B C). D D). C

Correct Answer: B

Q.57 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : SVP :: RUO : %

Ans A). # = PNB, % = POR B). # = PSM, % = UXP C). # = PSM, % = UXR D). # = PJH, % = TRR

Correct Answer: C

**Q.58** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) W P A P I W I U T X S Z M T Q F W B Z (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक व्यंजन है?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

**Correct Answer: D**

---

**Q.59** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). XV – YZ B). WT – XU C). XU – YV D). VS – WT

**Correct Answer: A**

---

**Q.60** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PARK' को '6795' के रूप में और 'RACK' को '9562' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'C' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). 5 B). 9 C). 6 D). 2

**Correct Answer: D**

---

**Q.61** W, I, N, T, E, R और S, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, N के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। S के बाईं ओर से गिनने पर, S और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E और W का निकटतम पड़ोसी T है। T के बाईं ओर से गिनने पर, R और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). दो C). चार D). एक

**Correct Answer: C**

---

**Q.62** एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए जाते हैं। आपको तय करना है कि कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़कर उचित उत्तर का चयन कीजिए।

Av, Bg, Cz, Dy और Em एक गोल मेज़ के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Cz के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) Dy, Em के दाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Bg, Dy के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) Em, Bg के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। Dy, Av और Bg का निकटतम पड़ोसी है।

Ans A). कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन I और II दोनों (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

C). कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है

D).
कथन I और II दोनों का डेटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**Correct Answer: C**

---

**Q.63** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

391 406 436 481 541 ?

Ans A). 639 B). 659 C). 616 D). 622

**Correct Answer: C**

---

**Q.64** एक निश्चित कूट भाषा में,

A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ! B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A £ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A € B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ^ Q £ S ! T € U' है, तो P का U से क्या संबंध है?

Ans A). माता की बहन B). माता C). पत्नी की माता D). बहन

**Correct Answer: C**

---

**Q.65** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एक अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 2 # 1 ^ 5 $ @ 8 + & 5 $ 2 ! 9 + ? ^ 4 @ 5 8 (दाएं)

यदि सभी प्रतीकों को श्रृंखला से हटा दिया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवें स्थान पर होगा?

Ans A). 9 B). 8 C). 1 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
EJW DHV CFU BDT ?

Ans A). ABS B). ACS C). ACR D). ABR

**Correct Answer: A**

**Q.67** छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल Q बैठा है। C के ठीक बाईं ओर P बैठा है। E के दाईं ओर किसी स्थान पर D बैठा है।
Q और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). एक D). दो

**Correct Answer: A**

**Q.68** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

30 + 12 × 2 − 8 ÷ 4 = ?

Ans A). 100 B). 103 C). 102 D). 56

**Correct Answer: D**

**Q.69** एक पंक्ति में खड़े सभी 73 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। डेनिस दाएं छोर से 38वें स्थान पर है, जबकि लॉरेंज बाएं छोर से 44वें स्थान पर है। डेनिस और लॉरेंज के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans A). 7 B). 6 C). 4 D). 5

**Correct Answer: A**

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). ZDA B). MQN C). LPM D). KPL

**Correct Answer: D**

**Q.71** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
41 - 4 ÷ 36 + 39 × 3 = ?

Ans A). 142 B). 151 C). 187 D). 136

**Correct Answer: C**

**Q.72** शब्द CLIMATE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से तीसरा होगा?

Ans A). L B). F C). B D). S

**Correct Answer: C**

**Q.73** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'good morning all' को 'xy pq lm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'all the best' को 'lm ct uv' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'all' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरीय कूट हैं।)

Ans A). pq B). uv C). xy D). lm

**Correct Answer: D**

**Q.74** छह बॉक्स - D, E, F, G, X और Y - एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
X के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। X और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। Y और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। D को G के ठीक नीचे रखा गया है। X को E के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
F और X के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). चार

**Correct Answer: C**

**Q.75** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

RUN FAR TON OLD

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: A**

**Q.76** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : SVX :: GJL : %

**Ans** A). # = IRN , % = QTL B). # = ILN , % = QLP C). # = ILN , % = QTV D). # = ILD , % = QTH

**Correct Answer: C**

**Q.77** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 145 का संबंध 174 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 158 का संबंध 187 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 169 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 189 B). 205 C). 176 D). 198

**Correct Answer: D**

**Q.78** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QPT–UTX
FEI–JIM

**Ans** A). WVZ–ZZC B). WUX–ZYC C). WUX–AZD D). SRV–WVZ

**Correct Answer: D**

**Q.79** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पहिए, कुर्सी हैं।
कोई भी कुर्सी, मेज़ नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ पहिए, मेज़ हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ मेज़, पहिए हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों निश्चित रूप से अनुसरण करते हैं C). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों ही निश्चित रूप से अनुसरण नहीं करते हैं D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

**Q.80** यदि संख्या 5216438 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएँगे?

**Ans** A). एक B). दो C). एक भी नहीं D). तीन

**Correct Answer: C**

**Q.81** मई 2026 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा क्षेत्रों के आम चुनावों में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (AITC) ने कितनी सीटें जीतीं?

**Ans** A). 70 B). 90 C). 60 D). 80

**Correct Answer: D**

**Q.82** 26 अप्रैल, 2026 को, किस केन्याई एथलीट ने लंदन मैराथन में पुरुषों की मैराथन का नया विश्व रिकॉर्ड (1:59:30) सेट करने के लिए दो घंटे की पौराणिक बाधा को तोड़ा था?

**Ans** A). योमिफ केजेलचा (Yomif Kejelcha) B). एलियुड किपचोगे (Eliud Kipchoge) C). जैकब किप्लिमो (Jacob Kiplimo) D). सेबेस्टियन सावे (Sabastian Sawe)

**Correct Answer: D**

**Q.83** स्टॉकहोम चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट 2026 (Stockholm Chess Talents Tournament 2026) किस देश में आयोजित किया गया था?

**Ans** A). रूस B). स्वीडन C). नॉर्वे D). जर्मनी

**Correct Answer: B**

**Q.84** 16 से 18 अक्टूबर, 2025 तक समुद्री-फेज के दौरान भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास का कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था?

**Ans** A). JAIMEX-25 B). DHARMA GUARDIAN-25 C). JIMEX-24 D). SHINYUU MAITRI-25

**Correct Answer: A**

**Q.85** निम्नलिखित में से किस स्वदेशी एंटी-टैंक मिसाइल प्रणाली का DRDO ने जनवरी 2026 में सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

Ans A). MPATGM B). SANT C). Nag Mk2 D). NAMICA

Correct Answer: A

**Q.86** सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (CREA) द्वारा मार्च 2026 में जारी रिपोर्ट में किस भारतीय शहर को सबसे प्रदूषित शहर के रूप में पहचाना गया था?

Ans A). लखनऊ B). जयपुर C). कानपुर D). गुड़गांव

Correct Answer: D

**Q.87** 77वें गणतंत्र दिवस-2026 की पूर्व संध्या पर, वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लिए एक महत्वपूर्ण वीरता पुरस्कार की स्वीकृति दी गई। उनकी सेवा के लिए उन्हें कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया गया था?

Ans A). अशोक चक्र B). शौर्य चक्र C). परम वीर चक्र D). कीर्ति चक्र

Correct Answer: A

**Q.88** मार्च 2026 में 'विकसित भारत 2047' परामर्श के दौरान, एक राष्ट्रीय निकाय को संधारणीय विकास लक्ष्यों पर अंतर-मंत्रालयी प्रयासों का समन्वय करने का कार्य सौंपा गया था। किस निकाय ने मंत्रालयों के बीच इन सहयोगात्मक सत्रों को सुगम बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई?

Ans A). केंद्रीय सतर्कता आयोग B). पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय C). आर्थिक कार्य विभाग D). नीति आयोग

Correct Answer: D

**Q.89** फरवरी में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 में, अवसंरचना संरचना विकास पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित किया गया था। राष्ट्रीय संपर्क (connectivity) और सुप्रचालनिकी (logistics) में सुधार के लिए निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को विशेष रूप से अधिक निधि आवंटित किया गया था?

Ans A). रक्षा क्षेत्र B). रेलवे क्षेत्र C). स्वास्थ्य क्षेत्र D). कृषि क्षेत्र

Correct Answer: B

**Q.90** मई 2026 में जारी नीति आयोग की पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, अनुशंसित "सिलेंड्रिकल (Cylindrical)" स्कूलिंग मॉडल का मुख्य लक्ष्य भारत की शिक्षा अवसंरचना में क्या ठीक करना है?

Ans A). संक्रमणों के दौरान विद्यार्थी ड्रॉपआउट की "लीकी पाइपलाइन (leaky pipeline)" B). उच्च शिक्षा की पाठ्यपुस्तकों की बढ़ती लागत (rising costs) C). क्षेत्रीय मंत्रालयों में प्रशासनिक कर्मचारियों की कमी D). शहरी और ग्रामीण परीक्षण केंद्रों के बीच डिजिटल विभाजन (digital divide)

Correct Answer: A

**Q.91** अप्रैल 2026 में बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में निम्नलिखित में से किसने शपथ ली थी?

Ans A). तेज प्रताप यादव B). सम्राट चौधरी C). नीतीश कुमार D). तेजस्वी यादव

Correct Answer: B

**Q.92** जनवरी 2026 में, एशिया का सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन कार्यक्रम 'विंग्स इंडिया 2026 (Wings India 2026)' किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans A). दिल्ली B). जयपुर C). हैदराबाद D). बेंगलुरु

Correct Answer: C

**Q.93** निम्नलिखित में से किस कंपनी ने सलारपुर, खुशखेड़ा में एक नया सेमीकंडक्टर केंद्र विकसित किया है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन 15 मई 2026 को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया था?

Ans A). सहस्रा सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड B). इंफोसिस C). टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ D). HCL टेक्नोलॉजीज़

Correct Answer: A

**Q.94** केंद्रीय बजट 2026–27 के दौरान घोषित उस मिशन का नाम क्या है, जिसका उद्देश्य भारत के खेल इकोसिस्टम को बदलने के लिए दीर्घकालिक, परिणाम-संचालित ढांचे की ओर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना है?

Ans A). खेलो गांव मिशन B). खेलो दिल से मिशन C). खेलो महाभारत मिशन D). खेलो इंडिया मिशन

Correct Answer: D

**Q.95** BBNJ हाई सीज़ ट्रीटी (BBNJ High Seas Treaty), जो जनवरी 2026 में लागू हुई, का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से किसे प्राप्त करना है?

Ans A). महासमुद्र में तटीय राज्यों को मछली पकड़ने के विशेष अधिकार को आवंटित करना B). पर्यावरणीय प्रतिबंधों के बिना गहरे समुद्र में खनिज निष्कर्षण का विस्तार C). क्षेत्रीय जल से परे समुद्री क्षेत्रों पर अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात का विनियमन D). राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों में समुद्री जैव विविधता का संरक्षण और संधारणीय उपयोग

Correct Answer: D

**Q.96** निम्नलिखित में से किस प्रमुख भारतीय ग्रैंडमास्टर ने 40वें यूरोपियन चेस क्लब कप 2025 में "सुपरचेस (SuperChess)" क्लब को ऐतिहासिक टीम स्वर्ण पदक दिलाने में नेतृत्व किया?

Ans A). विदित गुजराती B). डी. गुकेश C). अर्जुन एरिगैसी D). आर. प्रज्ञानानंदा

Correct Answer: B

**Q.97** निम्नलिखित में से किस अभिनेता ने 98वें एकेडमी अवार्ड्स में एलिजा (Elijah) और एलियास मूर (Elijah and Elias Moore) के जुड़वां किरदारों के अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का एकेडमी अवार्ड (Academy Award) जीता?

Ans A). माइकल बी. जॉर्डन (Michael B. Jordan) B). शॉन पेन (Sean Penn) C). पॉल थॉमस एंडरसन (Paul Thomas Anderson)

D). रयान कूगलर (Ryan Coogler)

Correct Answer: A

**Q.98** युद्ध क्षेत्र में निर्णय लेने, लॉजिस्टिक्स और परिचालन दक्षता (logistics, and operational efficiency) में सुधार करने के लिए मई 2026 में भारतीय सेना द्वारा कौन-से AI-संचालित प्लेटफॉर्म लॉन्च किए गए थे?

Ans A). कौटिल्य और क्यू-फोर्स (Kautilya and Q-FORCE) B). भीम और डी-फोर्स (Bhima and D-FORCE) C). कृष्ण और बी-फोर्स (Krishna and B-FORCE)

D). अग्निपुत्र और आर-फोर्स (Agniputra and R-FORCE)

Correct Answer: A

**Q.99** मई 2026 में अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस पर आयोजित 'रन फॉर सन' मैराथन के दौरान रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशनों में एक बड़ी उपलब्धि को प्रदर्शित करते हुए किस सरकारी पहल का उत्सव मनाया गया?

Ans A). पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना B). राष्ट्रीय सौर मिशन C). अटल ज्योति योजना D). हरित भारत मिशन

Correct Answer: A

**Q.100** नीति आयोग ने मई 2026 में, स्कूली शिक्षा प्रणाली के संबंध में क्या नीतिगत रोडमैप जारी किया?

Ans A). भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रोडमैप

B). 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को समाप्त करने की नीति C). सभी सरकारी स्कूलों के निजीकरण के लिए एक रोडमैप

D). अंग्रेजी के स्थान पर क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का एकमात्र माध्यम बनाने का आदेश

Correct Answer: A

"